प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 18.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

....................

- प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी होगी।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के प्रतिनिधि मंडल ने कल ब्रिटेन सरकार की मंत्री कैथरीन वेस्ट से की मुलाकात–'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में शामिल होने के लिए किया आमंत्रित ।
- भारतीय रेलवे की ओर से एडवांस टिकिट बुकिंग के नियमों मे हुआ बदलाव–120 दिन के स्थान पर अब 60 दिन पहले हो सकेगी टिकिट बुकिंग।
- मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में विशेष पूजा के साथ हुआ जयपुर स्थापना दिवस समारोह का आगाज।

....................

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी की जायेगी। इसके साथ ही इन उपचुनावों के लिए नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू होगी, जो 25 अक्टूबर तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी और 30 अक्टूबर तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 13 नवम्बर को होगा और मतगणना 23 नवम्बर को होगी। राज्य में झुंझुनूं, रामगढ़, दौसा, देवली–उनियारा, खींवसर, सलूम्बर और चौरासी विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि इन विधानसभा क्षेत्रों में 19 लाख 36 हजार से ज्यादा मतदाताओं के लिए 1 हजार 862 मतदान केंद्र और 53 सहायक मतदान केंद्र बनाये जाएंगे।

....................

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कल मोबाइल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर केवल अधिप्रमाणित विज्ञापन, ऑडियो सन्देश ही प्रसारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपचुनाव वाले क्षेत्रों में सभी ऑपरेटर्स से आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करवाने में निर्वाचन विभाग का सहयोग करने की भी अपील की। श्री महाजन ने कहा कि स्वतन्त्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए आवश्यक है कि मोबाइल कंपनियां भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना करें। बैठक में भारत सरकार के दूरसंचार विभाग और निजी टेलीकॉम कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

....................

विधानसभा उपचुनाव को लेकर सलूंबर जिला प्रशासन आदर्श आचार संहिता की पालना कडाई से लागू करवा रहा है। इस कड़ी में रिटर्निंग अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत के निर्देशन में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कल राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आदर्श आचार संहिता के बारे में जानकरी दी। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश पाटीदार ने क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त माहौल में मतदान संपन्न करवाने को प्राथमिकता दी। इसके साथ ही स्वीप गतिविधियों में भी तेजी आ गई है। विधानसभा क्षेत्र सलूम्बर के राजकीय विद्यालयों में ईएलसी बैठकों का आयोजन हुआ और मैं भारत हूँ गीत का गायन किया गया। सलूम्बर ब्लॉक के सभी सरकारी विद्यालयों में यह गीत गाया गया और लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

....................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और राजस्थान सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों ने कल ब्रिटेन सरकार की मंत्री कैथरीन वेस्ट के साथ मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य में निवेश के लिए ब्रिटेन के सांसदों, सरकारी अधिकारियों से सहयोग की अपील की और उन्हें 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने लंदन के पैलेस ऑफ वेस्टमिंस्टर में स्थित ब्रिटेन की संसद का दौरा किया और भारतीय मूल के चुनिंदा सांसदों के साथ बैठक की। इसके बाद, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, हीरा निर्माण, और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों की यूके स्थित फर्मों से मुलाकात कर उन्हें प्रदेश में निवेश के लिए

आमंत्रित किया। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने इंग्लैंड की एक प्रमुख ट्रैवल पत्रिका के अधिकारियों के साथ मुलाकात कर उनसे राजस्थान को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए आमंत्रित किया।
मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल आज शाम लंदन में 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टर मीट में भाग लेगा। इस दौरान राज्य में मौजूद व्यावसायिक संभावनाओं की जानकारी दी जाएगी और इंग्लैंड के निवेशकों को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा, इस निवेशक रोड शो में हाल ही में स्वीकृत राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (आरआईपीएस) 2024 नीति को भी लॉन्च किया जाएगा।

....................

भारतीय रेलवे की ओर से एडवांस टिकिट बुकिंग के नियमों के बदलाव किया गया है। पहले टिकिट बुकिंग, यात्रा से 120 दिन पहले शुरू होती थी जिसे घटाकर अब 60 दिन कर दिया गया है। यह बदलाव 1 नवंबर से लागू होगा और पूर्व में एडवांस बुक किये गये टिकिटों पर नये नियमों का कोई असर नहीं पडेगा। ताज एक्सप्रेस और गोमती एक्सप्रेस के मामले में कोई परिवर्तन नहीं होगा क्योंकि इन रेलगाड़ियों की अग्रिम आरक्षण अवधि पहले से ही कम है। विदेशी पर्यटकों के लिए अग्रिम आरक्षण की समय–सीमा 365 दिन बनी रहेगी।

....................

जोधपुर ग्रामीण के ओसियां में चल रहे दो दिवसीय मारवाड़ समारोह का शरद पूर्णिमा पर समापन हुआ। समारोह में 45 से अधिक देशों के कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी ।

....................

उधर बांसवाडा में भी शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में कल देवी मंदिरों में गरबा का आयोजन किया गया। साथ ही कई स्थानों पर लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये।

....................

जैसलमेर के ऐतिहासिक सोनार दुर्ग की प्राचीर दीवार और क्षतिग्रस्त बुर्ज के जीर्णोद्धार का काम तेजी से किया जा रहा है। इसे लेकर भारतीय पुरातत्व एवं सर्वेक्षण विभाग ने चार माह में इस काम को पूरा करने के निर्देश दिए है। हमारे संवाददाता ने बताया कि भारी बारिश के दौरान दुर्ग की दीवार गिरने के बाद से ही यहां यातायात भी प्रभावित हो रहा था।

....................

भरतपुर में चल रहे पशु मेले और जसवंत प्रदर्शनी को दस दिन के लिये और बढ़ा दिया गया है। अब यह मेला 26 अक्टूबर तक जारी रहेगा। कल मेले के समापन और पुरुस्कार वितरण के दौरान मेले में आये व्यपारियों की मांग पर मेले की अवधि बढ़ाने की यह घोषणा की गई।

....................

बांसवाडा शहर के कॉलेज मैदान में चल रहे 15 दिवसीय दशहरे मेले का कल समापन हुआ। इस दौरान लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

....................

जयपुर स्थापना दिवस समारोह की तैयारियां आज से शुरू हो गई है। मोती डूंगरी गणेश मंदिर में गणपति की पूजा अर्चना के साथ इस समारोह का शुभारम्भ हुआ। इसे लेकर नगर निगम हेरिटेज एक महीने तक हर दिन अलग–अलग कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। इन कार्यक्रमों में देश और प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। जयपुर हेरिटेज नगर निगम की महापौर कुसुम यादव ने बताया कि इस बार समारोह के अंतर्गत राजस्थानी रीति रिवाज और संस्कृति को बढ़ावा देते हुए कई आयोजन किए जाएंगे। जिसमें राजस्थानी कार्यक्रम, सूफी कार्यक्रम, हेरिटेज वॉक, कत्थक नृत्य और बॉक्स क्रिकेट को भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर को जल महल की पाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक देखने को मिलेगी। 22 अक्टूबर को बड़ी चौपड़ पर कव्वाली कार्यक्रम किया जाएगा। इसके साथ ही, बॉलीवुड नाइट, भजन संध्या और कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश के ख्यातनाम कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। गौरतलब है कि 1727 में कछवाहा राजपूत वंश के महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने जयपुर की स्थापना की थी।

....................

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 27वां लोकरंग महोत्सव आज से शुरू होगा। 11 दिन तक चलने वाले इस महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह और राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला लगाया जायेगा।

......................